Exam. Code: 0001
**Sub. Code: 0007**

2012

B.A./B.Sc.(General)-1st Semester

**Hindi (Elective)**

Time allowed: 3 Hours  Max. Marks: 90

***नोट:— सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

-*-*-*-

प्रश्न—1: (क) निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक की सप्रसंग सहित व्याख्या करें:—

(i) सची प्रीति हम तुम सिउ जोरी।
तुम सिउ जोरि अवर संग तोरी।
जह जह जाऊ ताइ तेरी सेवा।
तुम सो ठाकरु अउरु न देवा।
तुमरे भजन कटहि जम फांसा।
भगति हेति गावें रविदासा।।

(ii) ऊधो मोहि ब्रज बिसरत नाहीं
बृंदावन गोकुल तन आवत सघन तृनन की छाही।।
प्रात समय माता जसुमति अरु नंद देखि सुखपावत।
माखन रोटी दह्यों सजाओ अतिहित साथ खवावत।।
गोपी ग्वाल बाल संग खेलत सब दिन हँसत सिरात।
सूरदासधनि धनि ब्रजवासो जिनसो हँसत ब्रजनाथ।। (8)

(ख) गुरु नानक देव जी का साहित्यिक परिचय दें।

**अथवा**

कबीर जी की नीतिपरक साखियों का सार लिखें। (8)

प्रश्न—2: (क) निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:—

(१) युग भाई तो दाई भुजा के बराबर होता है। जिसका भाई मर जाय, उसकी मानों भुजा ही कट जाती है। और फिर उनका तो केवल भाई ही न मरा था, वरन् अपने पीछे दो बच्चे छोड़ गया था।

(२) शतरंज, ताश गंजीफा खेलने से बुद्धि तीव्र होती है, विचार शक्ति का विकास होता, पेचीदा मसलों को सुलझाने की आदत पड़ती है। ये दलीलें जोरों के साथ पेश की जाती थी।

***P.T.O.***

(३) दीया बुझ रहा था। इसके लिए तेल आया तो सही, परन्तु, बहुत देखे।

(४) क्या कोई हिन्दू भू–पृष्ठ पर न बचा रह जाएगा, जो ब्राह्मण को दो मुट्ठी अन्न दे सके? यह असम्भव है, फेर दीजिए पिता जी। (10)

(ख) न्यायमंत्री कहानी के आधार पर शिशुपाल का चरित्र–चित्रण करें।

अथवा

'अशिक्षित का हृदय' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट करें। (8)

प्रश्न–3: किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग ५० शब्दों में लिखें:–

(क) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी के आधार पर तत्कालीन राजनैतिक परिस्थितियां लिखें।

(ख) 'सभ्य–असभ्य' कहानी में सभ्य कौन है? युक्तिसंगत उत्तर दें।

(ग) घायल लक्ष्मीदत्त जी की श्रीराम शर्मा ने कैसे देखभाल की?

(घ) 'ममता' कहानी के आधार पर स्पष्ट करें कि ममता सजग स्त्री है?

(ड.) कबीर जी ने ईश्वर और सद्गुरु में किसे प्राथमिकता दी है और क्यों?

(च) सूरदास के वात्सल्य वर्णन पर संक्षिप्त नोट लिखें। (3×3)

प्रश्न–4: आदिकालीन की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालें।

अथवा

आदिकाल की परिस्थितियाँ लिखें। (7)

प्रश्न–5: निम्नलिखित में से किन्हीं दस प्रश्नों का उत्तर दें:–

(क) तेजासिंह कौन था?

(ख) ममता ने अपनी कुटिया में किसे आश्रय दिया?

(ग) हसना ने नीरा का नाम गुलाब क्यों रखा?

(घ) पृथ्वीराजरासो किसकी रचना है?

(ड.) आदिकाल के उस रचनाकार का नाम लिखें जिसने पहेलियां और मुकरियां लिखी।

(च) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

(छ) मनोहर सिंह का पेड़ किसके पास गिरवी पड़ा था?

(ज) गुरु नानक देवजी की प्रमुख रचनाओं के नाम लिखें।

(झ) श्रीकृष्ण जी के बड़े भाई का क्या नाम था?

(ञ) आदिकाल की काल सीमा निर्धारण करें।

(ट) आदिकाल को अन्य किन नामों से पुकारा जाता है?

(ठ) 'सूरसागर' किसकी रचना है?

(ड) रैदास के गुरु का क्या नाम था?

(ढ) 'सभ्य असभ्य' कहानी की नायिका कौन है? (10×1)

प्रश्न–6: कहानी की परिभाषा देते हुए, उसके तत्वों के नाम लिखें और कथानक के विषय में विस्तार से लिखें।

अथवा

कहानी का वर्गीकरण करें। (5)

प्रश्न–7: (क) किन्हीं पाँच शब्दों के विपरीतार्थक लिखें:–

उन्नति, विष, तरल, धूप, नख, अनुराग, रात

(ख) किन्हीं पाँच शब्दों के समानार्थक शब्द लिखें:–

आकाश, ईश्वर, पानी, पुत्र, माता, सुख, रात

(ग) किन्हीं पाँच शब्दों का शुद्ध रूप लिखें:–

कवी, मूर्ती, कवीता, परकाश, धरम, नमष्कार, पुष्टी

(घ) किन्हीं पाँच वाक्याशों के लिए एक शब्द लिखें:–

(i) जिसका कोई शतु न हो।

(ii) नगर में रहने वाला,

(iii) जिसकी उपमा न हो,

(iv) जो आँखों के सामने हो,

(v) ऊपर कहा गया,

(vi) जो पढ़ा लिखा न हो,

(vii) छोटा भाई (5+5+5+5)

प्रश्न–8: किन्हीं पाँच शब्दों के हिन्दी रूपान्तर लिखें:–

(i) Assistant,

(ii) Corruption,

(iii) By hand,

(iv) Duty,

(v) Department,

(vi) Holiday,

(vii) Guidance

(viii) Expert (5)

-*-*-*-